बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में

बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में
जोता वाली के भवन में लाटा वाली के भवन में
शेरोवाली के भवन मे

बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में ..

दुर्गा रूप अनूप निराली खप्पर वाली शेरोवाली
अष्टभुजी अंबे है काली प्यारी माता ममता वाली
ऐसी मां की झांकियां माता रानी के भवन में
बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में ...

नगर नगर मां के जयकारे भक्ति भाव में लगते प्यारे
द्वार खुले हैं मां के प्यारे झाको झांकी भव से तारे
बज रही आज बधाईयां माता रानी के भवन में
बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में ...

आस लगाके जो भी आता इच्छित फल वो ही नर पाता
जय माता की गाता जाता अंबे मां की ज्योति जलाता
भक्त पे मां मेहरबानियां माता रानी के भवन में

बज रही शहनाइयां माता रानी के भवन में
जोता वाली के भवन में लाटा वाली के भवन में
शेरोवाली के भवन मे ..

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18687/title/baj-rahi-shanaiya-mata-rani-ke-bhawan-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |